# हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय

(राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् 'ए' ग्रेड विश्वविद्यालय)

'सामान्य प्रशासन शाखा'

संख्याः 7–1/81–हि.प्र.वि.वि.(प्रशासन) दिनांकः 12 AUG 2026

## "परिपत्र"

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा 80वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के प्रांगण में 15 अगस्त, 2026 को निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार आयोजित करना निश्चित हुआ हैः–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | माननीय कुलपति जी द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण | प्रातः 9: 00 बजे |
| 2 | राष्ट्रीय गान व कुलगीत | प्रातः 9: 05 बजे |
| 3 | हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के मॉडल स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम | प्रातः 9: 12 बजे |
| 4 | माननीय कुलपति जी द्वारा सम्बोधन | प्रातः 9:30 बजे |
| | मिठाई (लड्डू) वितरण | प्रातः 9:40 बजे |

अतः विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, गैर–शिक्षक एवं छात्र समुदाय से अनुरोध है कि वे इस समारोह में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

विश्वविद्यालय की दो बसें, जिसमें से एक बस दिनांक 15–08–2026 को प्रातः 7:15 बजे समरहिल से वाया लक्कड़ बाजार होते हुए संजौली और संजौली से वाया छोटा शिमला, पुराना बस अड्डा होते हुए समरहिल तथा दूसरी बस समरहिल से विकासनगर जो खलीनी, रामनगर, टूटीकण्डी, टुटू होते हुए समरहिल वापिस आएगी, और कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात् उक्त बसें उसी रुट से गंतव्य स्थानों के लिए रवाना होंगी।

कुलसचिव

पृष्ठांकन : सम संख्या। दिनांकः 12 AUG 2026

प्रतिलिपिः

1. अधिष्ठाता, अध्ययन/ छात्र कल्याण/ मुख्य छात्रपाल हि.प्र.वि.वि., शिमला।
2. समस्त अध्ययन विभागों के विभागाध्यक्ष/ निदेशक, हि.प्र.वि.वि., शिमला।
3. वित्त अधिकारी/पुस्तकालयाध्यक्ष/परीक्षा नियन्त्रक/अधिशासी अभियन्ता(डिजाईन), हि.प्र.वि.वि, शिमला।
4. निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय दूरवर्ती शिक्षा एवं मुक्त अध्ययन केन्द्र, शिमला–5/ शारीरिक शिक्षा/ पी.ई.सी.सी/ ए.ई. आर.सी./ यू. सी. बी. एस./ यू. आई. एल. एस./सी. सी. एस./यू. आई. आई. टी., / एचआरडीसी/ आई.आई.एच.एस./ हि. प्र. वि. वि. क्षेत्रीय अध्ययन केन्द्र, धर्मशाला, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश।
5. **मुख्य सुरक्षा अधिकारी, हि. प्र. वि. वि., शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वे समारोह में राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय गान एवं गार्ड ऑफ ऑनर हेतु 15–08–2026 का आवश्यक प्रबन्ध करें।**
6. **अधिशासी अभियन्ता (रख–रखाव)/विद्युत, हि.प्र.वि.वि., शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वह समारोह के लिए पी.ए. सिस्टम प्रशासनिक भवन के सामने व लाऊडस्पीकर का प्रबन्ध कुलपति कार्यालय एवं पुस्तकालय के सामने देशभक्ति गीत के साथ करें तथा उपरोक्त समारोह के दौरान कुलगीत एवं राष्ट्रगान हेतु आवश्यक प्रबन्ध करें।**
7. **जन सम्पर्क अधिकारी, हि. प्र. वि. वि., शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वह उपरोक्त समारोह के दौरान मंच का संचालन करें।**
8. **वाहन अधिकारी, हि.प्र.वि.वि. शिमला–5 को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि वह उपरोक्त समारोह हेतू दों बसों का उचित प्रबन्ध करें।**
9. संयुक्त नियन्त्रक (स्थानीय लेखा)/ आन्तरिक लेखा अधिकारी, हि.प्र.वि.वि., शिमला।
10. प्राचार्य, हि.प्र.वि.वि. सांध्यकालीन अध्ययन केन्द्र, शिमला–1
11. **प्रधानाचार्य, हि.प्र.वि.वि.मॉडल स्कूल को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि उपरोक्त समारोह में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबन्ध करे।**
12. समस्त सांविधिक अधिकारी/ शाखा अधिकारी/ अनुभाग अधिकारी, हि.प्र.वि.वि., शिमला।
13. **कार्यकारिणी सदस्य/ कोर्ट सदस्य/ समस्त अध्यक्ष, शिक्षक/अधिकारी संघ/गैर शिक्षक/ चतुर्थ श्रेणी हि.प्र.वि.वि., शिमला से निवेदन है कि वे समस्त शिक्षक, गैर–शिक्षक कर्मचारियों की विश्वविद्यालय परिसर में ध्वजरोहण के अवसर पर उपस्थिति सुनिश्चित करें।**
14. विशेष निजी सचिव, कुलपति/ वरिष्ठ निजी सचिव, कुलसचिव, हि.प्र.वि.वि., शिमला।
15. रक्षक मिसिल/ सूचना पट्ट।

कुलसचिव